

## गुढ़ सीएमओ ने नगर औचक परिषद का किया निरीक्षण

### नदारद मिले कई कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 23 मार्च, सोमवार को अचानक बिना किसी जानकारी गुढ़ नगर परिषद पहुंचे नवागत सीएमओ मोहित शुक्ला जहां कर्मचारियों में हड़कंप मच गया.**

जहां कुछ कर्मचारी अपनी कुर्सी में नहीं मिले तो कुछ ही कर्मचारी नगर परिषद की कुर्सी में बैठे दिखे और मौके पर से उन्होंने उपस्थिततीरजिस्टर जप्त कर लेट से आने वाले सभी कर्मचारियों को अपने केबिन में आने को कहा, जहां लेट से पहुंचे कर्मचारियों को जम कर कड़ी फटकार लगाते हुए कड़ी हिदायत दी गई. जहां नदारद कर्मचारियों के साथ उपस्थित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समय का ध्यान रखते हुए तय समय में कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए, और अब ऐसी गलती दुबारा पकड़ी गई तो उन कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी. गुढ़ सीएमओ ने सीधा कड़ा संदेश दिया कि समय का ध्यान रखते हुए कार्यालय पहुंचे और निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं से अच्छे से पेश आए, शासन की योजनाओं का उन्हें लाभ दिया जाए और साफ शब्दों में कर्मचारियों को निर्देश दिया कि अब पहले जैसे रहे अधिकारी के जैसे नहीं अब मेरे रहने पर अब कार्यालय में नहीं चलेगी मनमानी सही समय का ध्यान रखते हुए अपने कार्यों के प्रति पूरी सजगता से काम करना पड़ेगा.

### लगातार मिल रही थी शिकायत

गुढ़ नगर परिषद सीएमओ ने बताया कि जब से पदभार ग्रहण किया तो लगातार कर्मचारियों की लेट आने और समय पर आए उपभोक्ताओं से कर्मचारियों की मुलाकात नहीं हो पाती थी जिससे वो नगर परिषद से मायूष हो कर लौट जाते थे और कर्मचारियों के आने का इंतजार करते रहते थे. लेकिन अब ये मनमानी बंद कर समय पे आना है, और ये निरीक्षण बीच बीच में लगातार जारी रहेगी और अब अगर कर्मचारी मौके पर उपस्थित नहीं मिले तो नोटिस जारी करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेगी.


## प्रशासन की मिली भगत से बिना टीपी के खनिज सम्पदा का परिवहन

### कृषि कार्य में लगे ट्रैक्टर कर रहे अवैध परिवहन, स्थानीय लोगों ने उठाई कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 23 मार्च, नगर व तहसील क्षेत्रांतर्गत आसपास की एरिया तथा उत्तर प्रदेश के 50 किलो मीटर की एरिया में इन दिनों खनिज संपदा रेत गिट्टी आदि के साथ ही ईंटे सरेआम ओवर लोड कर मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की बार्डर एरिया में अवैध कारोबार खूब क्षफल फूल रहा है.**

बिना किसी वैध रॉयल्टी के खनिज ले जा रहे ट्रैक्टर चालक न केवल सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं, बल्कि आम जनता की जान के लिए भी खतरा बने हुए हैं. ताज्जुब की बात यह है कि इस पूरे खेल में खनिज विभाग मौन बना हुआ है.उल्लेखनीय है



कि कृषि कार्य हेतु खरीदे जाने वाले ट्रैक्टरों से रोजाना बिना टीपी के रेत, गिट्टी और पत्थर तथा ईंटों का परिवहन कर रहे हैं. इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है. सड़कों पर बढ़ता जोखिमः ये वाहन क्षमता से अधिक ओवरलोड होते हैं, जिससे सड़कों की हालत जर्जर हो रही है और आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है. स्थानीय निवासियों का आरोप है कि खनिज विभाग के अधिकारियों को सूचना होने के बावजूद वे कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं. रिहायशी इलाकों और मुख्य बाजारों से ये ओवरलोड ट्रैक्टर तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे राहगीर हमेशा भयभीत रहते हैं. इतना ही नहीं कई बार तो लोगों की जान जाते-जाते बच्ची जब ट्रैक्टर ट्राली का चक फेंका गया और ट्राली के बगल में चल रहे लोगों की जाते-जाते बच गई. हनुमना नगर व क्षेत्र में सरेआम हो रहे इस अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की 'रहस्यमयी चुप्पी' कई सवाल खड़े करती है. स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या विभाग को इन वाहनों की आवाजाही नहीं दिखती या फिर यह सब किसी मिलीभगत का हिस्सा है?नगरवासियों तथा क्षेत्रीय जनों ने ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही इन वाहनों पर नकेल कसी जाए, टीपी की जांच हो, और कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर खरीद कर कमर्शियल कार्य करते हुए वह भीओवरलोडिंग के माध्यम से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए की रॉयल्टी का चूना लगा रहे हैं. वही जनता जनार्दन की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जो किसी दिन बड़ी हादसा का कारण बन सकता है अतः ऐसे कारोबार में लिप्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की गई है.

## प्रतापगंज में कथा के समापन पर उमड़ा जन सैलाब

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 23 मार्च, हनुमान तहसील के ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ बस्ती निवासी राम भजन गुप्त द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर भारी संख्या में आस्था व श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ पड़ा.**

कथा के मुख्य यजमान रामगोपाल गुप्ता जहां रहे वही कथा व्यास श्री बैजनाथ पांडे द्वारा रामगोपाल गुप्ता के कुलगुरु पंडित गोविंद हरी पांडे के सानिध्य में दिव्या मधुर श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिनों तक अनवरत त्रिवेणी बहती रही जिसमें गोता लगाने के लिए समूचे क्षेत्र से लोग पहुंचते रहे. सप्तम दिवस की कथा में सुदामा चरित्र के भावपूर्ण कथा को सुन लोग अश्रुपात करते नजर आए. कथा व्यास मुख्य यजमान तथा केशव गुप्ता को पगड़ी पहनकर विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया.

## गुढ़ नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रामबाई कोल का निधन

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 23 मार्च, गुढ़ नगर परिषद बार्ड 13 निवासी एवं गुढ़ नगर परिषद की पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई कोल पति मोहनलाल कोल का सोमवार की सुबह 4 बजे तड़के हृदय गति रुकने से निधन हो गया.**



श्रीमती रामबाई अपने बार्ड की कई मजदूर महिलाओं के साथ गुजरात मे कार्य कर रही थी जिनका गुजरात में ही हृदय गति रुकने से मौत हो गई. जिनका अंतिम संस्कार गुढ़ स्थित रानीतालाब में 24 मार्च को किया जायेगा. श्रीमती रामबाई कोल के निधन से समुचा कोल समाज के साथ पूरा गुढ़ क्षेत्र शोकमय हो चुका है. शोक व्यक्त करने वालों में विधायक नागेन्द्र सिंह, राजकुमार मिश्रा, राजगोपाल मिश्रा, राजकपूर मिश्रा, पत्रकार इन्द्रभान प्रसाद उपाध्याय, महेन्द्र उपाध्याय, श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, जगदीश गौटिया, बीरबहादुर सिंह, एड. के. टी. निवास मिश्रा, मंण्डल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता शामिल है.

## भाईचारे के साथ मनाया गया ईद का त्योहार, गले मिलकर दी मुबारकबाद

गुढ़, 23 मार्च,

**गुढ़, 23 मार्च, पवित्र रमजान माह के समापन पर मनाया जाने वाला ईद-उल-फितर का त्योहार जिले भर में आपसी सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया गया.**

सुबह से ही शहर और ग्रामीण अंचलों के ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. नमाज के दौरान हजारों हाथ एक साथ उठे और भारत देश में अमन, शांति, तरक्की व भाईचारे के



लिए खास दुआएं मांगी गईं. ईदगाहों में गूंजती तकबीरों के बीच माहौल पूरी तरह रूहानी और भावुक नजर आया. नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर 'ईद मुबारक' कहा और दिलों की दूरियां मिटाई. शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. इस खास मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प भी लिया. वही ईद मुबारक के इस पावन पर्व पर शांति व्यवस्था कायम करने गुढ़ पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन मौजूद रहे व ईद की बधाई दी.



मऊगंज में ईद की नमाज पढ़ाते मौलाना मो. आरिफ

## कटरा में संगीतमयी देवी भागवत कथा महोत्सव प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**कटरा, 23 मार्च, कटरा के नामदेव बस्ती में संगीतमयी देवी भागवत कथा शुरू है. कथा का आयोजन रामनरेश गुप्ता के तीनों बेटे विजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता एवं बिन्नू गुप्ता के द्वारा किया गया है.**

पहले यह भागवत कथा देउर के गढी के पास देवी माता के मंदिर प्रांगण में होना था. लेकिन किन्हीं कारणो बस स्थान बदल गया है, अब नामदेव बस्ती में हो रहा है. कथावाचक पूज्य पंडित प्रभाकर प्रसाद शास्त्री महाराज धाम वृंदावनोपासक द्वारा संगीतमयी देवी भक्ति रस की वर्षा की जा रही है.

धन्य है कथा श्रोता रामनरेश गुप्ता एवं राजमती गुप्ता जिनके तीनों बेटे हर वर्ष माता-पिता एवं समस्त ग्रामवासी व क्षेत्र वासियों को भागवत कथा सुनने का अवसर देकर पुण्य लाभ कमा रहे हैं. भंडारा एवं प्रसाद वितरण 28 मार्च को दोपहर 12 बजे से होगा.




## वतन में खुशहाली और समृद्धि के लिए ईद की नमाज में मांगी गई दुआ

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 23 मार्च, राष्ट्र की समृद्धि के लिए दुआओं के साथ देशभर में ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया गया. दरअसल मुस्लिम धर्म में ईद को रमजान के पवित्र महीने के समापन का प्रतीक भी माना जाता है.**

मऊगंज जिले में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. सुबह 8.35बजे ईद की नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचे और जहां पर हमेशा की तरह हिन्दू समुदाय के लोग भी पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी. इस दौरान सुबह 08.35 बजे मऊगंज के गोलइदाबरा ईदगाह एवं घुरेहटा मऊ मस्जिद में नमाज अदा की गई. इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद आरिफ ने नमाज अता कराई और लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की और देश की खुशहाली और समृद्धि के लिए दुआ की. इस के बाद लोग हजरत मस्तान दाता रहमतुल्लाह अलैह के दरगाह में जा कर हाजरी लगाई फिर इसके बाद सभी मुस्लिम समुदाय के लोग हाजी हाफिज अजमत अली शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैह के दरगाह माथा टेका. इसके बाद दरगाह के सज्जादा नशीन मोहम्मद अली वारसी द्वारा फातिहा पढ़ी गई और इसके बाद देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई. जिसमे हाजी यार मोहम्मद, मौलवी बॉक्स अंसारी, सरताज अंसारी, रिजवान सिद्दीकी, ममनून सिद्दीकी, अन्नू पार्षद, गुल मोहम्मद वारसी, लकी वारसी, हसन खान सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे. ईद को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात की गई थी.

## खेलों से बढ़ता है आपसी भाईचारा : सुखेन्द्र सिंह

नवभारत न्यूज

**सेमरिया, 23 मार्च, सेमरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम खारा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का कल भव्य समापन हुआ. इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह 'बन्ना' सम्मिलित हुए. उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया.**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखेंद्र सिंह बन्ना ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये युवाओं



में अनुशासन और टीम भावना का संचार भी करते हैं.

ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है. खेलो से आपसी भाईचारा बढता है. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला कांग्रेस नेता के.पी. सिंह, जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र सिंह, और जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहित सिंह उपस्थित रहे. साथ ही प्राचार्य उमेश सिंह, जगदीश प्रसाद मिश्रा, संदीप सिंह बड़गाँव, राजेंद्र कुशवाहा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष राजेश कुशवाहा, पूर्व जनपद सदस्य विजय सिंह और पवन त्रिपाठी 'शिशु' सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे. टूर्नामेंट का सफल आयोजन मुख्य रूप से युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सिंह, दिवाकर सिंह, श्रीनिवास विश्वकर्मा, घनश्याम मिश्रा, छोटेलाल मिश्रा, रविप्रताप सिंह और अंशुल सिंह द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर किया गया. आयोजन समिति ने अतिथियों का स्वागत किया.

## भाजपा ने हमेशा अपनी विचारधारा को सर्वोपरि रखा : गुप्ता

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मार्च, भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडलों में 24 घंटे का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहे हैं.**

सोमवार को सेमरिया मंडल के प्रशिक्षण का शुभारंभ बसामन मामा गौ अभ्यारण में भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलन एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पणके साथ किया उन्होने कहां की भाजपा ने विचारधारा और कार्यपद्धति के साथ कभी भी समझौता नहीं किया देश की राजनीति में वास्तव में दो ही दल ऐसे रहे हैं जिनकी स्पष्ट विचारधारा और कार्यपद्धति रही है एक कम्युनिस्ट पार्टी और दूसरी भारतीय जनता पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी अपनी विचारधारा के कारण जनता से दूर होती गई और लगभग समाप्ति की ओर है. इसके अलावा अधिकांश दल विचारधारा के आधार पर नहीं बल्कि परिस्थितियों के आधार पर चलते रहे हैं. भाजपा ने हमेशा अपनी विचारधारा और संगठनात्मक पद्धति को सर्वोपरि रखा है और इसी कारण आज पार्टी पूरे देश में सबसे आगे खड़ी है. मंडल प्रशिक्षण का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ वही समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं क्रो भाजपा की विचारधारा सहित मन की बात बूथ प्रबंधन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया वही शाहपुर मंडल प्रशिक्षण वर्गका समापन भाजपा नेता योगेंद्र शुक्ला ने करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कामूल स्वभाव सबको साथ लेकर चलने का है. आज के दौर में युवाओं की भूमिका बढ़ी है और नई तकनीक का उपयोग भी जरूरी है.

## बरैया टोला हिनौती में जल संरक्षण अभियान का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मार्च, जन अभियान परिषद विकासखंड रायपुर कर्चुलियान के तत्वाधान में हिनौती के बरैया टोला में जल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता रैली कलश यात्रा जल पूजन वृक्ष पूजन और भजन कीर्तन के माध्यम से आम जनों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया.**

जल चौपाल का आयोजन कर चल संरक्षण के संकल्प दिलाए गए जल जागरुकता रैली के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को जल है तो कल है का संकल्प दिलाया गया वहीं जल चौपाल को संबोधित करते हुए




ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुषमा शुक्ला ने कहा कि जल हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है वह बताने की आवश्यकता नहीं है हम सब का जीवन जल पर ही आधारित है चल संरक्षण के लिए समाज जागरूक होगा तो छोटे-छोटे प्रबंधन से जल को बचाया जा सकता है. जल संरक्षण अभियान स्थानीय सरपंच श्रीमती सियावती प्रजापति द्वारा किया गया उन्होंने भी ग्राम वासियों से जल के संरक्षण संवर्धन के लिए अनुरोध किया कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता मिट्ठू लाल जायसवाल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं आभार प्रदर्शन कर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया.

## जल संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है : प्रो . रघुराज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 मार्च, प्रधानमंत्री कॉलेजऑफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा के भूगर्भ शास्त्र विभागद्वारा जल दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो रघुराज किशोर तिवारी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती चेतना मिश्रातथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्यप्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी ने की. महाविद्यालयके प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण




केवल एक आवश्यकता नहीं, अपितु हमारासामूहिक दायित्व है. जल ही जीवन का आधार है; मानव सभ्यता का उद्भव और विकास नदियोंके तटों पर हुआ है. किंतु विडंबना यह है कि आज वही जीवनदायिनी जलधाराएँ संकट मेंहैं और यह संकट केवल किसी एक क्षेत्र तक सीमित न होकर वैश्विक स्तर पर गंभीर रूपले चुका है. वर्तमान समय में बढ़ती जनसंख्या, तीव्र औद्योगीकरण, अनियोजित शहरीकरणतथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने जल संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डाल दिया है. इसके साथ ही जल प्रदूषण, भूजल का अत्यधिक दोहन, वर्षा का असमान वितरण तथा जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएँ इस संकट को और गहरा कर रही हैं. आज स्थिति यह है किस्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है.

प्रो. रघुराज किशोर तिवारी ने अपने उद्बोधन में जल संरक्षण कोवर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए इसके प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने पर बल दिया. विशिष्ट अतिथि श्रीमती चेतना मिश्रा ने अपने विचारों में मातृशक्ति की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि जल संरक्षण मेंमहिलाओं की भागीदारी निर्णायक हो सकती है. कार्यक्रम मे मुख्य रुप से डॉ. डीपी शुक्ला, डॉ. संतोष अग्निहोत्री, डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव, डॉ. विनीता कश्यप, डॉ. केशरकली तिवारी, डॉ. अनीता सिंह तिवारी सहित छात्र छात्रा उपस्थित रहे. संयोजक डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक गणित एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. नीलम पाण्डेय ने किया.